>

Title: Situation arising out of decline in water level in Bundelkhand region

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन): उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार के संज्ञान में उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड की स्थिति लाना चाहता हूं। बुंदेलखंड में और उसके आसपास बेतवा नदी हो, चाहे पाहु नदी हो या यमुना नदी हो, उनका पानी सूख गया है। इसके कारण चाहे कानपुर देहात हो, चाहे जालौन हो, बांदा हो, और चाहे हमीरपुर, सभी जगह पानी का जलस्तर बड़ी तेजी से नीचे चला गया है। गांवों में जितने भी हैंडपम्प हैं, सभी ने पानी देना बन्द कर दिया है। एक गांव में केवल एक या दो हैंडपम्प ही ऐसे हैं, जिनसे पूरे गांव के लोग पानी भरते हैं। पानी का भूमिगत जलस्तर नीचे जाने से पानी की इतनी दिक्कत हो गई है कि जनता पानी के लिए त्राहि-त्राहि कर रही है। वहां पशु बिना पानी के मर रहे हैं। इसलिए मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि इन सारी परिस्थितियों को देखते हुए आदमी एवं पशुओं को पीने का पानी तत्काल उपलब्ध कराया जाए। मई और जून का महीना आने वाला है। इन महीनों में पानी की दिक्कत और बढ़ेगी। इसलिए हम केन्द्र सरकार से मांग करते हैं कि निश्चित रूप से इस भयानक स्थिति से निपटने के लिए केन्द्र सरकार बुंदेलखंड को ऐसी सहायता प्रदान करे जिससे वहां हैंडपम्पों की स्थापना की जा सके और ...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आपका पाइंट आ गया है। अब आप बैठिए।

â€¦(व्यवधान)